RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

मनुष्य के व्यक्तित्व का प्रभाव उसकी वाणी में झलकता है। जिस तरह संगीत वाद्ययंत्र की पहचान उसके स्वर से होती,उसी तरह व्यक्ति की पहचान उसकी वाणी से होती है। कर्मसत्ता नें हमें दो कान और एक मुंह दिया है ताकि सुने ज्यादा और बोले कम। ये कभी न भूले कि बोलना मुंह का पार्ट टाइम काम है, मुंह का मुख्य काम खाना खाना और पानी पीना है। लेकिन लोगों ने मुंह का मुख्य काम बोलने का बना दिया है। भाषा की सबसे बड़ी परेशानी ये है कि हम जो बात दूसरों तक पहुंचाना चाहते हैं वो सामने वाले व्यक्ति तक उसी स्वरूप में उसी अवस्था में नहीं पहुंच पाती।




# वृक्षारोपण एवं पौधे वितरण करके विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस एक्सनोरा इंटरनेशनल द्वारा चल रहे हरित प्रदेश अभियान में जेटी सुराना जैन विद्यालय पार्क टाउन में वृक्षारोपण एवं पौधे वितरण करके मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ मुथुकुमार प्रोग्राम ऑफिसर डिपाट्रमेंट ऑफ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट चेंज गवर्नमेंट ऑफ तमिलनाडु ने विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। स्कूल की प्रिंसिपल शशिकला ने पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी।

इस मौके पर नॉर्थ चेन्नई सचिव फतेहराज जैन ने कहा मातृभूमि और माता स्वर्ग से भी बढ़कर है। भारतीय परंपरा में भी पृथ्वी को मां का दर्जा हासिल है, पृथ्वी के प्राकृतिक वातावरण की सुरक्षा करना हमारा दायित्व है, 22 अप्रैल को विश्वभर मैं पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पृथ्वी को बचाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना होगा क्योंकि इसकी अपेक्षा मानव के साथ सभी प्राणियों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। जलवायु परिवर्तन का एक उदाहरण 2013 मैं फरवरी महीने में कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई थी, जिसकी वजह से पर्यावरण को क्षति पहुंची थी। खतरों की सार्वजनिक मार् गरीब लोगों पर पढ़ती है, इसलिए यह और भी चिंताजनक है, पर्यावरण का असर मौसम पर भी पड़ता है, ऋतुएं बदलती है। धरती का औसत तापमान बढ़ने से पानी की किल्लत बढ़ती है, इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि पृथ्वी के पर्यावरण को बिगाड़ने वाली गतिविधियों को हतोत्साहित करें हर व्यक्ति अपने स्तर पर पृथ्वी को बचाने की इस मुहिम में शामिल हो सकता है। आओ हम सब मिलकर इस और ध्यान दें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। इस मौके पर एक्सनोरा के गोविंदराज, सारथी, तमिल मनी, स्कूल की अध्यापिका एवं कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।




# महावीर जयंती समारोह में रोज मिल्क एवं शरबत का वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राजस्थान यूथ एसोसिएशन (आरवाइए) ने महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर अयनावरम स्थित जैन दादावाड़ी में लगभग दस हजार ग्लास रोजमिल्क व शरबत वितरित की। इस मौके पर दादावाड़ी के प्रांगण में आरवाइए का काउंटर लगाया गया। आरवाइए द्वारा संचालित बुक बैंक परियोजना के कार्यों का प्रचार प्रसार किया गया्। आरवाइए के अध्यक्ष जैन एस. सुधीर ने बताया कि आरवाइए फाउंडेशन द्वारा निकट भविष्य में विभिन्न स्कूलों में जरुरत के मुताबिक सहायता देने का निर्णय लिया है जिसमें विल्लिवाक्कम स्थित एक स्कूल में सोलार पॉवर प्लांट भी लगाकर दिया जाएगा। जैन महासंघ द्वारा आरवाइए के अध्यक्ष का सम्मान किया गया। इस मौके पर सचिव भरत एस. चौरड़िया, बुक बैंक परियोजना के चेयरमैन दिलीप बेताला, आरवाइए फाउंडेशन के चेयरमैन दिनेश बोहरा, कोषाध्यक्ष महेंद्र परमार, नरेश खिंवसरा, निर्मल बोकड़िया, नीरज मेहता, विवेक बम्ब, रंजीत जैन, विकास मरड़िया, महावीर लूनावत, माणक गोठी, प्रेम बेताला, सुरेश बैद, राजेश जैन, श्रेयांस जैन सहित कई सदस्यों एवं महिला सदस्यों ने सराहनीय सहयोग दिया।



# महावीर जन्म कल्याणक पर सेवा कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। अपने पचास वें वर्ष में प्रवेश कर चुके नगर की सबसे पुरानी युवा प्रतिनिधि संस्था एससीएस जैन संघ की युवा शाखा श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन युवक संघ के तत्वावधान में श्रमण भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर संघ भवन में अन्नदान, आश्रमों में अन्नदान सहित अनेकों निराश्रितों को वस्त्रों का वितरण किया गया।

संघ के अध्यक्ष राजेश बोहरा ने जैन ध्वज लहराकर सेवा कार्यों की शुरुआत की। इस अवसर पर संघ के सचिव सुनील हिंगड़, कोषाध्यक्ष धनराज चोरड़िया, सह सचिव अजय टाटिया, कार्यकारिणी सदस्य जीसी जैन, रोबिन बाबेल सहित संघ के गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे।



# आरवाईए कास्मो द्वारा महावीर जन्मकल्याण पर कई सेवा कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राजस्थान यूथ एसोसिएशन (आरवाइए) कॉस्मो फाउण्डेशन के तत्वावधान में मेडिबैंक परियोजना के तहत महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शनिवार को शांतिदेवी जवाहरमल चंदन डे केयर एंड डायग्नोसिस सेंटर में निःशुल्क मधुमेह व रक्तचाप जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 118 रोगियों की जांच कर उनका इलाज किया गया। इस शिविर के लाभार्थी मदनमोहन राठी टीम बिजनेस वेंचर्स थे। रविवार को अंबत्तूर यूथ सेवा मंडल एवं मेडवे हॉस्पिटल आरवाइए कॉस्मो उगता फाउंडेशन ब्लड बैंक के सहयोग से रक्त संग्रह शिविर आयोजित किया गया जिसमें 56 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ्। उसी दिन अयनावरम स्थित जैन दादावाड़ी में निःशुल्क मधुमेह व रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 163 लोगों की जांच की गई्।

आरवाइए कॉस्मो के अध्यक्ष राजेश कटारिया ने बताया कि 28 अप्रैल को शांतिदेवी जवाहरमल चंदन डे केयर एंड डायग्नोसिस सेंटर में श्री जैन प्रज्ञा संघ के सहयोग से एपिलेप्सी कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आरवाइए कॉस्मो के अध्यक्ष राजेश कटारिया, सचिव जितेंद्र कोठारी, निर्मल रांका सहित कई सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।




# महावीर जयंती पर मईलापुर एसएस जैन युवक संघ ने किए अनेक सामाजिक कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर एसएस जैन युवक संघ मईलापुर ने अनेक कार्यक्रम श्री वर्धमान श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन स्थानक मईलापुर में हुआ। गर्मी के लिए लोगों को राहत देने के लिए पानी की प्याऊ का उद्घाटन विमलचन्द धर्मचन्द शांतिलाल चोरड़िया परिवार ने किया। वहीं पारसमल शिक्करमल डॉ. विनोदकुमार सुराणा के परिवार के सहयोग से 500 लोगों को अन्नदान किया गया। वहीं आदिनाथ जैन भवन के ऊपर जीव दया के रूप में कबूतरों को दाना डाला गया। जवंतमल चोरड़िया डायलिसिस सेन्टर मैलापुर में एक दिन का लाभ संघ ने लिया। 500 लोगों को छाछ वितरण किया गया। गुरु गणेश गौशाला सुल्लरुपेट्टा में गायों को चारा वितरण किया गया। कांतिमुनिजी के गुरु दर्शन का लाभ व मंगलपाठ का श्रवण किया गया। सभी कार्यक्रमों में मईलापुर के सदस्यों का सहयोग रहा।

इस मौके पर संघ के मंत्री विमलचन्द खाबिया, कोषाध्यक्ष इंदरचन्द कंकालिया, युवक संघ के अध्यक्ष संजय सेठिया, मंत्री रितेष कंकलिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# 'एक शाम भगवान महावीर के नाम' भक्ति संध्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष में 'एक शाम भगवान महावीर के नाम' भक्ति संध्या का आयोजन रविवार को चेतपेट स्थित चिन्मया हेरिटेज ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ्। सर्वप्रथम माइल्स की सदस्याओं द्वारा प्रार्थना से शुभारंभ हुआ्।

मुख्य अतिथि समाजसेवी विजयराज कटारिया व विशेष अतिथिगण राजस्थानश्री रिखबचंद बोहरा, अजीत चोरड़िया, शांतिलाल जैन, शालीन शाह ने द्वीप प्रज्जवलित किया। चेयरमैन ज्ञानचंद कोठारी ने पधारें सभी का स्वागत किया। सचिव दीलीप मेहता ने संस्था के गतिविधियों की जानकारी आडियो वीडियो माध्यम से बड़े पर्दे पर दी। कार्यक्रम में नेत्र चिकित्सा शिविरों में सहयोग करने वाले सभी का अभिनंदन शॉल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आई केम्प डायरेक्टर पुनमचंद माण्डोत, सह डायरेक्टर महावीर खाबीया व कन्वेनर राजेन्द्र खारीवाल ने किया।

राकेश माण्डोत एवं टीम द्वारा भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। 'भक्ति की है रात दादा आज थाने आणो हैं, भगवान महावीर ने सर्वस्व दिया है, लागी रे लागी रे प्रभु लगन लागी, किसी का दिल दुखाना हमको महावीर ने ना सीख लाया, ऊँचा अंबर ती आओ ने प्रभुजी, व्हाला आदिनाथ मैं तो पकड़यो तारो हाथ, बाजे कुंडलपुर में बधाई, पंखिड़ा ओ पंखिड़ा, तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है, ओ माँ' आदि गीतों से हाल गुंज उठा। सभी दर्शकों ने खूब पसंद किया और सराहना की।

सभी ने 'भगवान महावीर की जय' जयकारे लगाए। कार्यक्रम के सहयोगी जीतेन्द्र, राकेश, डॉ कैलाश माण्डोत का सम्मान वाइस चेयरमैन दीनेश भलगट व वीजयराज गांधी ने किया। राजेश खटेर व मुकेश चुत्तर ने कार्यक्रम का संचालन किया। सह सचिव गौतमचंद चोरड़िया ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मनुष्य के व्यक्तित्व की पहचान उसकी वाणी से होती है : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

**कलबुर्गी।** शहर के भारत प्राइड पार्क में सुमतिनाथ के नूतन जिनालय कि अंजनशलाका प्रतिष्ठा संपन्न करके आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी का बीजापुर की ओर विहार किया। गब्बूर ग्राम में विश्राम के दौरान आचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व का प्रभाव उसकी वाणी में झलकता है। जिस तरह संगीत वाद्ययंत्र की पहचान उसके स्वर से होती,उसी तरह व्यक्ति की पहचान उसकी वाणी से होती है। कर्मसत्ता नें हमें दो कान और एक मुंह दिया है ताकि सुने ज्यादा और बोले कम। ये कभी न भूले कि बोलना मुंह का पार्ट टाइम काम है, मुंह का मुख्य काम खाना खाना और पानी पीना है। लेकिन लोगों ने मुंह का मुख्य काम बोलने का बना दिया



है। भाषा की सबसे बड़ी परेशानी ये है कि हम जो बात दूसरों तक पहुंचाना चाहते हैं वो सामने वाले व्यक्ति तक उसी स्वरूप में उसी अवस्था में नहीं पहुंच पाती। जब शब्दों को चयन करें तो सही रुप से करे। ताकि सामने वाला हमारी बात का तात्पर्य समझ सकें।



# रायपुरम में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री रायपुरम जैन संघ द्वारा प्रभु महावीर का 2623 वां जन्म कल्याणक महोत्सव धर्मनगरी रायपुरम में रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आयोजन श्री सुमतिनाथ जैन युवा मंडल, ज्ञान युवक मंडल, श्री तेरापंथ जैन संघ द्वारा किया गया। अहिंसा रैली सुबह आरसीसी ट्रस्ट कालोनी में श्री पार्श्वनाथ जिनालय में प्रभु दर्शन करने के पश्चात चड कोईल स्ट्रीट में सुमतिनाथ जिनालय में प्रभु दर्शन के बाद जैन भवन, रायपुरम मे धर्म सभा में परिवर्तित हो गई। बैंड बाजे व प्रभु महावीर की झाँकियों के साथ करीब 500 जनों ने जयकारों के साथ वरघोड़ा की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर मंडल के सदस्यों द्वारा 40 मीटर का जैन ध्वज लहराया गया।

लाभार्थी शा संघवी मांगीलाल चाँदमल कोठारी का अभिनंदन किया गया। सेवा भावी डॉ हरीलाल मुख्य अतिथि का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर धार्मिक प्रतियोगिता रखी गई जिसके विजेताओं को ईनाम दिया। जैन भवन में पुराने कपड़ों का काउंटर तीन दिन के लिए लगाया गया व एकत्रित कपड़े जरुरतमंदो को दिये जायेंगे। कार्यक्रम के पश्चात सभी को अल्पहार व प्रभावना दी गई। मुकेश चुत्तर ने संचालन किया। इस अवसर पर जैन भवन के बाहर करीब 1000 जरूरतमंदों को अन्नदान व छाछ का वितरण किया गया।

ऐसा गुरुवर जानिए, जंगम तीर्थ राज।
ध्यान ज्ञान हरि नाम से, सफल करे सब काज।।

गुरुजी के अवतरण दिवस पर वंदन-नमन

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

राम राम राम राम



राम राम राम राम

इस युग के महान संत स्वामी श्री सत्यानंदजी महाराज के जन्म दिवस पर उनके चरणों में कोटि कोटि नमन
अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार
चेन्नई और फलोदी

**श्री स्वामी सत्यानंद जी की जीवनी :** प्रत्येक साधक के मन रूपी सुनहले तथा सुशोभित आसन पर विराजमान है। राम नाम की गंगा प्रवाहित करने वाले इस युग के महान संत स्वामी सत्यानंदजी महाराज का जन्म वर्ष 1861 की चैत्र शुक्ला पूर्णमाशी को एक ब्राह्मण परिवार में रावलपिंड के एक गांव 'जग्गू का मोर' में हुआ। आपको नाना के यहां लक्ष्मण और दादा के यहां गोविंद नाम से पुकारा जाता था। युवावस्था में पांव धरते ही उनको साधु संतों की संगति का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सर्वप्रथम जैन मत में रुचि रही। आपकी उम्र जब 17 वर्ष की हुई तो आप जैन यति बन गए और 13 वर्ष तक सेवा की। वर्ष 1891 में जैन मत को छोड़कर वर्ष 1889 में आर्य समाज में प्रवेश किया। आर्य समाज में 25 वर्ष तक वैदिक प्रचार करते रहे और दो ग्रंथ 'ओंकार उपासना' तथा 'दयानंद प्रकाश' लिखे जो की आज माननीय है।

आर्य समाज में रहते हुए उन्होंने गीता और रामायण पर व्याख्यान का क्रम शुरू किया। 'भक्ति प्रकाश' नामक ग्रन्थ की रचना की, जिसमें राम नाम का मधुर गुणगान भरा पड़ा है। इस पर आपत्ति हुई तो वह राम नाम त्यागने की बजाय आर्य समाज से अलग हो गए। स्वामी जी वर्ष 1925 में डलहौजी में एकांत स्थान मे साधना में बैठ गए। भगवान से विनय की कि क्या आपके दरबार से मुझे सीधे प्रसाद प्राप्त नहीं हो सकता। स्वामीजी डलहौजी में एकांतवास में थे। देवदार से व्यास पूजा गुरु पूर्णिमा के दिन आकाशवाणी हुई 'राम भज, राम भज' वह कई दिन तक मंत्रमुग्ध रहे।

'अमृतवाणी' की रचना की और श्री वाल्मीकीय रामायण सार की रचना की और संस्कृत से हिन्दी में हर श्लोक का अनुवाद किया, आदि कवि श्री वाल्मीकिजी पर, आदि कवि वागीश ऋषि विद्या ज्ञान भंडार, वाल्मीकि ऋषिवर हुआ कविता का अवतार, रची सुरचना रुचिकारी मुनि ने कर उपकार, हो मम उसके चरण पर नमस्कार बहुबार।' महाराज कहा करते थे कि मां की भांति हो तो राम है। जब मां किसी गलती पर अपने बच्चे को मारती है तब भी बालक मां-मां पुकारता मां से लिपट जाता है। हे राम मुझे तो अपना ऐसा ही प्यार दे। चाहे कितने भी कष्ट क्लेश आएं, मगर मैं तुम्हारा नाम सिमरन न भूलूं। स्वामी जी द्वारा रचित अमृतवाणी अन्य ग्रन्थ हैं 'भक्ति प्रकाश', 'प्रार्थना और उसका प्रभाव', 'स्थित प्रज्ञ के लक्षण', 'गीता और रामायण'।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.